बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे – 5
फोन: 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 495

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने पौधे वितरित कर मनाया 'बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस'

पुणे, 19 जुलाई, 2021: बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। बैंक ने 19 जुलाई, 2021 को पुणे जिले की वेल्हे तहसील के वरोटी (बुद्रुक) गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में किसानों के बीच पौधों का वितरण करके बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक श्री हेमन्त टम्टा ने वरोटी (खुर्द), वरोटी (बुद्रुक) और कोलंबी गांवों के 100 किसानों को जैक-फ्रूट के 501 पौधे और कोविड सुरक्षा किट वितरित किए। श्री विजय कांबळे, महाप्रबंधक, आयोजना, विपणन व प्रचार ने विशेष रूप से वेल्हे तहसील में जैक-फ्रूट के पौधारोपण के महत्व को विस्तार से बताया। इस आयोजन में श्री महेंद्र कुमार काबरा, महाप्रबंधक, ऋण प्राथमिकता; श्री विवेक धवन, अंचल प्रबंधक पुणे पूर्व अंचल; वरोटी (खुर्द), वरोटी (बुद्रुक) और कोलंबी गांवों के सरपंच श्री रघुनाथ जनकर, उप सरपंच श्री विलास अन्ना पवार और ग्रामसेवक श्री नितिन धुके भी उपस्थित थे।

किसानों के साथ संवाद करते हुए श्री हेमन्त टम्टा ने कहा कि कटहल (जैक-फ्रूट) की खेती समय के साथ स्थायी कृषि और निरंतर आय अर्जन का स्थायी स्रोत बन जाएगा। चयनित गांवों की बहुसंख्यक आबादी आदिवासी, आर्थिक रूप से पिछड़ी है और अपनी आजीविका के लिए सब्जियों और बांस की बिक्री पर निर्भर है।

वेल्हे तहसील पुणे जिले की दूरदराज और रिमोट तहसील है और यहां की भौगोलिक तथा जलवायु संबंधी परिस्थितियां परंपरागत कृषि के लिए अनुकूल नहीं हैं। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से किए गए प्रयास ग्रामीणों के बीच जागरुकता उत्पन्न करने में सहायक होंगे और ये किसान भविष्य में भी इस प्रकार के पौधारोपण के लिए प्रेरित होंगे। यह क्षेत्र के किसानों को पर्यावरण के स्थायी संरक्षण के साथ आत्मनिर्भर बनाएगा। इस कार्यक्रम का समन्वय बैंक के महाबैंक कृषि अनुसंधान एवं ग्रामीण विकास फाउंडेशन (MARDEF) ट्रस्ट द्वारा किया गया था।